| **SRI BHAGAWAN MAHAVEER JAIN COLLEGE**<br>Vishweshwarapuram, Bangalore.<br><br>**Mock Question Paper 1** – January 2020 | **Course:** II year PUC<br>**Subject:** Hindi<br>**Max. Marks:** 100<br>**Duration:** 3:15 |
|---|---|

**I अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :** **6 x 1 = 6**

१ कानूनगो इलाके में आते तो किसके चौपाल में ठहरते ?

२ मनुष्य के कुकर्मों पर कौन हँसने लगे है?

३ शताब्दी की सबसे बड़ी उपलब्धि क्या है ?

४ विश्वेश्वरय्या किसके बड़े पाबंद थे ?

५ बड़े साहब की लडकी क्या सीखती है ?

६ एक जमाने में कौन सा शहर जापान की राजधानी हुआ करता था ?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **3 x 3 = 9**

७ झूठ की उत्पत्ति और उसके कई रूपों के बारे में लिखिए ।

८ प्रदूषण के संबंध में गंगा मैया ने क्या कहा है?

९ विश्वेश्वरय्या के बाल्य जीवन के बारे में लिखिए ।

१० शामनाथ और उनकी धर्मपत्नी माँ को लेकर क्यों चिंतित थे ?

११ जापान के 'हिरन–वन' के बारे में लिखिए ।

**II अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहा?** **4 x 1 = 4**

१२ 'दिन भर एक न एक खुचड़ निकलते रहते हैं।'

१३ 'आइ एम रिअली प्राउड आफ यू ।'

१४ 'आज तुम खाना जल्दी खा लेना।'

१५ 'इनकम होती तो टैक्स होता । भुखमरा था ।'

**आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :** **2 x 3 = 6**

१६ 'अच्छा, तुम्हारे सामने यह ढेर है । इसमें से जितना अनाज उठाकर ले जा सको,ले जाओ।'

१७ 'कर्तव्य करना न्याय पर निर्भर है।'

१८ 'पिता के ठीक विपरीत थी हमारी बेपढ़ी–लिखी माँ।'

१९ 'चिन्ता में घुलते–घुलते और भूखे मरते–मरते उन्होंने दम तोड़ दिया ।'

**III अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :** **6 x 1 = 6**

२० चकोर पक्षी किसे देखता रहता है ?

२१ रहीम किसे बावरी कहते है ?

२२ परमात्मा की करूणा से कवयित्री को क्या मिला ?

२३ कवि नरेंद्र शर्मा किसके सामने आत्मसमर्पण न करने के लिए कहते हैं ?

२४ हरा–भरा हरियाणा किनका स्थल है ?

२५ कवि के अनुसार क्या शर्त थी ?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **2 x 3 = 6**

२६ रैदास ने भगवान और भक्त के संबंध को कैसे वर्णित किया है ?

२७ बादल एवं वसन्त ऋतु से हमें क्या प्रेरणा मिलती है ?

२८ वृक्ष की महत्ता पर प्रकाश डालिए ।

२९ कवि नरेंद्र शर्मा ने प्रतिहिंसा और कायरता के संबंध में क्या कहा है ?

**इ)ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए :** **2 x 4 = 8**

३० ऊधौ हम आजु भईं बड़–भागी ।
जिन अँखियन तुम स्याम बिलोके , ते अँखियाँ हम लागी ।
जैसे सुमन बास लै आवत, पवन मधुप अनुरागी ।
अति आनंद होत है तैसैं, अंग–अंग सुख रागी ।

**अथवा**

अति अगाधु अति औथरौ, नदी, कूप, सरु बाइ।
सो ताकौ सागरु जहाँ, जाकी प्यास बुझाइ॥

३१ मेरा यह बचपन, तुम्हारा मातृत्व
ये ही गहने हैं मेरे लिए, माँ,
मैं तुम्हारा गहना, तुम मेरा गहना,
फिर अन्य गहने क्यों चाहिए, माँ?

**अथवा**

परम पुनीत नीर कावेरी, मस्तक धर कर्नाटक में।
पंप महाकवि के दर्शन, कर लो चलकर कर्नाटक में॥
बसवेश्वर या अक्कमहादेवी कर्नाटक में गाते ।
रामानुज आचार्य 'मेलकोटे' में दर्शन दे जाते ॥

**IV अ) एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए : 5 x 1 = 5**

३२ दादाजी का छोटा पोता परेश किस पद पर था ?
३३ व्यक्ति किन गुणों से बड़ा होता है?
३४ बेला के अनुसार परिवार की सदस्या उससे किस प्रकार डरती है ?
३५ भारवि से मिलने आयी स्त्री का नाम लिखिए ।
३६ भारवि ने प्रतिशोध की आग में क्या करना चाहा ?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2 x 5 = 10**

३७ दादा जी ने परेश को किस प्रकार मनाया ?

अथवा

बेला ने भावावेश में रुँधे हुए कंठ से दादा जी से क्या कहा ?

३८ सुशीला के अनुरोध पर श्रीधर ने भारवि को कहाँ–कहाँ और कैसे तलाश करने का वचन दिया ?

अथवा

महापंडित श्रीधर का चरित्र–चित्रण कीजिए।

**V अ) वाक्य शुद्ध कीजिए : 4 x 1 = 4**

३९ क) बच्चों से परीक्षा नहीं दी ।
ख) वह काम किया ।
ग) कोई लड़के को आवाज़ दो।
घ) शरीर पर कई अंग होते हैं ।

**आ) कोष्ठक में दिए गए उचित कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए : 4 x 1 =4**

[की, के लिए, के, को]

४० क) कृष्णा शहर___रवाना हुआ ।
ख) यह मंदिर शहर___दक्षिण में है ।
ग) वीरों ने देश___प्राणों की आहुती दी ।
घ) दादा जी ___आकांक्षा यही थी ।

**इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए: 3 x 1 = 3**

४१ क) वैन बहुत क्षिप्र गति से चल रही है। (भूतकाल में बदलिए)
ख) विश्वेश्वरय्या मैसूर राज्य के निवासी थे । (वर्तमानकाल में बदलिए)
ग) उनका भाषण सुनकर बधाई देता हूँ । (भविष्यत्काल में बदलिए)

**ई) मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : 4 x 1 = 4**

४२

| | |
|---|---|
| १) अंग–अंग ढीला होना | अच्छी तरह याद रखना। |
| २) भीगी बिल्ली बनना | जगह–जगह भटकना। |
| ३) दर–दर फिरना | बहुत थक जाना। |
| ४) गाँठ बाँधना | भयभीत होकर रहना। |

४३ उ) **अन्य लिंग रूप लिखिए :** अ)पूजारी आ)मेहतर इ)हितकारी 3 **x 1 = 3**

४४ ऊ)**अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए** **3 x 1 = 3**

क) जिसका अंत न हो

ख) दोपहर के बाद का समय

ग) जिसका ज्ञान कम होना

ए **निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए:** **2 x 1 = 2**

**अ)** शाप **आ)** पक्ष

४६ ऐ) **निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग कर लिखिए:** **2 x 1 = 2**

**अ)** छलिया **आ)** नमकीन

४८ **किसी एक विषय पर निबंध लिखिए** **5 x 1 = 5**

क) समय का महत्व

ख) मेरे सपनों का भारत

ग) समाचार–पत्रों के लाभ

**अथवा**

चैक बुक खो जाने की सूचना देते हुए बैंक प्रबंधक को पत्र लिखिए।

**VI अ)निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **5 x 1 = 5**

४७ धर्म को लोगों ने धोखे की दुकान बना रखा है । वे उसकी आड़ में स्वार्थ सिद्ध करते हैं । बात यह है कि लोग धर्म को छोड़कर सम्प्रदाय के जाल में फँस रहे हैं। सम्प्रदाय बाह्य कृत्यों पर जोर देते हैं । वे संप्रदाय को अपनाकर धर्म के सार–तत्व को छोड़ देते हैं । धर्म मनुष्य को अंतर्मुखी बनाता है । उसके हृदय किवाड़ों को खोलता है, उसकी आत्मा को विशाल, मन को उदार तथा चरित्र को उन्नत बनाता है । संप्रदाय संकीर्णता सिखाते हैं,जात–पात, रूप–रंग तथा ऊँच–नीच के भेद भावों से ऊपर नहीं उठने देते।

१) धर्म को लोगों ने किसकी दुकान बना रखी है ?

२) लोग धर्म को छोडकर किसके जाल में फंस रहे हैं?

३) लोग किनको अपनाकर धर्म के सार तत्व को छोड़ देते हैं?

४) धर्म मनुष्य को क्या बनाता है ?

५) सम्प्रदाय क्या सिखाता है ?

४९ **इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए :** **5 x 1=5**

1.India is an agricultural country.
2.Every state has its own state language.
3.Always give respect to patriots.
4.buddhism was founded by Goutam Buddha.
5.Students are playing in the playground.

*******